**महत्वपूर्ण/प्राथमिकता**

**संख्या-भास-01/चालीस-2024-18(3)2021**

**प्रेषक,**

**मनोज कुमार सिंह,**
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1. **अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,** गृह, होमगार्ड्स/कारागार/नगर विकास/नागरिक सुरक्षा/प्रांतीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण/पंचायती राज/ग्राम्य विकास/खेल/सैनिक कल्याण/बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/उच्च शिक्षा/सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग/वन विभाग/संस्कृति विभाग/बाल विकास एवं पुष्टाहार/महिला कल्याण, उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।**
3. **समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।**
4. **समस्त पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।**

**राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग** **लखनऊः: दिनांक 25 अक्टूबर, 2024**

**विषयः स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाये जाने के संबंध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में मुझे यह अवगत कराये जाने का निदेश हुआ है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को हर वर्ष पूरे देश में बडे़ उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह स्वतंत्र भारत के वास्तुकार के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को मान्यता देने और राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने के लिए हमारी प्रतिबद्वता को सुदृढ़ करने का दिन है।

2- इस सम्बन्ध में शासन स्तर पर यह निर्णय लिया गया कि चूंकि इस वर्ष दिनांक 30 अक्टूबर,2024 को नरक चतुदर्शी तथा 31 अक्टूबर,2024 को दीपावली का त्यौहार पड़ रहा है, अतः सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाये जाने हेतु राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों या संरचनाओं एवं अन्य एजेन्सीयों द्वारा मार्चपास्ट का आयोजन तथा अन्य **समस्त कार्यक्रम दिनांक 31 अक्टूबर के स्थान पर अब दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 को अत्यंत भव्यता के साथ गरिमापूर्वक आयोजित किये जायेंगे।** इस अवसर पर देश की एकता और अखण्डता के लिए "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करते समय निम्नलिखित शपथ ली जाएः-

Scanned with ACE Scanner

## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

"मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।"

3- मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि इस अवसर पर अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ निम्नलिखित कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाये:-

**(1)** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाए। **'राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ'** प्रतिज्ञा पाठ संलग्न है।

**(2)** एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए, जहां भी सम्भव हो, राज्य पुलिस और अन्य वर्दीधारी बलों या संरचनाओं और अन्य एजेंसियों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाए।

**(3)** पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए, समाज के सभी वर्गों के लोगों के सहयोग से, उचित स्थानों पर **'रन फॉर यूनिटी'** का भी आयोजन किया जाए।

**(4)** कारागृहों में राष्ट्रीय एकता पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किये जाएं।

4- सरदार पटेल जयन्ती को भव्यतापूर्वक मनाए जाने के लिए प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में भी निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है:-

(1) इस अवसर पर जी0पी0ओ0 पार्क स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन कराया जाय।

(2) उक्त माल्यार्पण के उपरान्त विधान भवन के सामने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संबंध में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाए जिसमें अन्य गणमान्य लोगों के साथ सचिवालय कर्मियों को भी बुलाया जाए।

(3) उक्त जयन्ती के अवसर पर पुलिस, पी0ए0सी0, सेना एवं होमगार्डस के जवानों तथा सिविल डिफेन्स के लोगों को भी सम्मिलित करते हुए मार्च पास्ट का आयोजन किया जाय।

5- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाये जाने हेतु समस्त जिलाधिकारियों को शासनादेश संख्या-322/चालीस-2024-बजट(2)/2019,(ई ऑफिस पत्र संख्या-I/664884/2024-40-1002 (099)/139/

Scanned with ACE Scanner

2019), दिनांक 13 जून 2024 के माध्यम से कार्यक्रम की समय-सारणी एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है। उक्त समय-सारणी के अनुसार समस्त कार्यक्रम दिनांक 31 अक्टूबर के स्थान पर दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 को आयोजित किये जायें, उक्त शासनादेश दिनांक 13 जून, 2024 के शेष प्राविधान यथावत रहेंगे।

6- कृपया उपरोक्तानुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें जिससे उक्त समारोह भव्य एवं गरिमापूर्वक आयोजित हो सके।

संलग्नक- यथोक्त

भवदीय,

मनोज कुमार सिंह
मुख्य सचिव

Signed by
Manoj Kumar Singh
Date: 25-10-2024 15:48:09

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

(1) अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

(2) स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

(3) निजी सचिव, मा० उपमुख्यमंत्री, राष्ट्रीय एकीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।

(4) निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उल्लिखित समस्त कार्यक्रमों की सफल क्रियान्वयन के दृष्टिगत अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

आजा से,

Signed by
Jitendra Kumar
Date: 25-10-2024 15:49:50

जितेन्द्र कुमार
अपर मुख्य सचिव

Scanned with ACE Scanner